## पहली बार : पथ निर्माण के बजट की एक तिहाई राशि राज्य को आवंटित

# केंद्र से बिहार को सड़क मद में मिला ₹33 हजार करोड़

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** केंद्र सरकार ने बिहार को बड़ी सौगात दी है। मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 में केंद्र सरकार ने बिहार को एनएच निर्माण के लिए एकमुश्त 33 हजार 464 करोड़ दिया है। देश के सड़क निर्माण के लिए प्रस्तावित बजट का यह लगभग एक तिहाई पैसा है। अब तक बिहार को बमुश्किल छह-सात हजार करोड़ ही मिलते रहे हैं।

केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्रालय के पत्र के अनुसार इस पैसे से बिहार की 52 परियोजनाओं का काम हो सकेगा। इसके तहत 875 किलोमीटर सड़कों का निर्माण होगा। इसमें से 380 किमी एनएच को दो लेन से चार लेन में अपग्रेड किया जाएगा। गंडक नदी पर दो पुल भी बनेंगे।

मंत्रालय ने जिन परियोजनाओं को मंजूर किया गया है उसमें रामजानकी मार्ग मशरख-चकिया-भिठ्ठा मोड़ तक 146 किमी चार लेन सड़क भी शामिल है। इसके लिए 73 सौ करोड़ मंजूर किया गया है। गंडक नदी पर एनएच 727एए के तहत बेतिया के सेवराही में चार लेन पुल बनेगा। 11 किलोमीटर लंबे इस पुल को बनाने में 1800 करोड़ खर्च होंगे। बेतिया से बगहा के बीच चार लेन सड़क का निर्माण होगा। 69 किमी लंबी इस परियोजना पर 4300 करोड़ खर्च होंगे। अरवल से बिहारशरीफ तक चार लेन सड़क बनाने में 2300 करोड़ खर्च होंगे। अरवल बाईपास पर 574 करोड़, दाउदनगर बाईपास पर 931 करोड़, औरंगाबाद बाईपास पर 865 करोड़, समस्तीपुर बाईपास पर 320 करोड़ खर्च होंगे। वहीं समस्तीपुर से दरभंगा तक दो लेन सड़क बनाने में 220 करोड़ खर्च होंगे।

## प्रदेश की 52 परियोजनाओं पर होगा काम

**875**

किमी सड़कें बनेंगी, 380 किमी एनएच चार लेन में अपग्रेड होंगे



"ऐसा पहली बार है जब केन्द्र सरकार ने एक वित्तीय वर्ष में इतनी बड़ी राशि मंजूर की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के प्रति बिहार आभारी है। परियोजनाएं समय पर पूरा हो, इसके लिए बिहार सरकार हर संभव सहयोग प्रदान करेगी।

– नितिन नवीन, मंत्री, पथ निर्माण विभाग।

### हथुआ और फुलवरिया के बीच बनेगा आरओबी

जहानाबाद में एनएच 83 पर आरओबी बनाने में 100 करोड़ खर्च होंगे। एनएच 102 पर आरओबी बनाने में 150 करोड़ जबकि हथुआ और फुलवरिया के बीच आरओबी बनाने में 95 करोड़ खर्च होंगे। डुमरांव बाईपास पर 150 करोड़, वाल्मीकिनगर ब्याघ्र परियोजना के नये एलाईनमेंट से 15 किमी बाईपास बनेगा। इसे बनाने में 3000 करोड़ खर्च होंगे। जबकि सिंघेश्वर बाईपास में 200 करोड़, सीतामढ़ी से चिरौत तक दो लेन सड़क बनाने में 500 करोड़ खर्च होंगे।

### एम्स-अनीसाबाद एलिवेटेड के लिए 1308 करोड़ मंजूर

पटना के अनीसाबाद से एम्स तक एलिवेटेड रोड के लिए 1308 करोड़ मंजूर किया गया है। एनएच 527 बी दरभंगा–जयनगर चार लेन निर्माण होगा। 38 किमी लंबी इस सड़क पर 1350 जबकि ढाका मोड़ से बलिझोर तक 27 किमी चार लेन सड़क बनाने में 1055 करोड़ खर्च होंगे। एनएच 227 में कमला पर दो किमी लम्बा चार लेन पुल बनेगा। विक्रमशिला पुल के एप्रोच रोड बनाने में 238 करोड़, छपरा कचहरी–छपरा ग्रामीण और छपरा कचहरी और डुमरिया हॉल्ट के बीच आरओबी बनाने में 90–90 करोड़ खर्च होंगे। जहानाबाद में आरओबी बनाने में 250 करोड़, डुमरांव आरओबी मद में 200 करोड़ खर्च होंगे।